देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 92 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...टिड्डी दल का देश में उत्पात



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 7 जुलाई 2020



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 23.0° | 36487.28

2 बयन्नूर शहर में फैला ब्यूबोनिक प्लेग

7 आईपीएल हुआ तो सवाल उठेंगे

## संक्षिप्त समाचार

### लाख भारतीय कुवैत छोड़ने को हो सकते हैं मजबूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** 8 कुवैत। कुवैत में प्रवासी कोटा बिल के मसौदे को मंजूरी मिल गई है। इसके नतीजतन 8 लाख भारतीयों को खाड़ी देश को छोड़ना पड़ सकता है। कानून के मुताबिक देश में भारतीयों की आबादी 15 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकती है। अभी वहां करीब 15 लाख भारतीय रह रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। कुवैत की मौजूदा कुल आबादी 43 लाख है। इनमें कुवैतियों की आबादी 13 लाख है, जबकि प्रवासियों की संख्या 30 लाख है। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट में रविवार को कहा गया कि कुवैत की नैशनल असेंबली की कानूनी और विधायी समिति द्वारा बिल के मसौदे को मंजूरी दी गई।

### भारत में 7 लाख के पार कोरोना मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में कोरोना के मामले हर रोज तेज गति से बढ़ते जा रहे हैं। भारत में अब कुल कोरोना मरीजों का आंकड़ा सात लाख के पार हो गया है। भारत इस वक्त पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा कोरोना प्रभावित देशों की सूची में तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। भारत से ऊपर सिर्फ दो देश हैं अमेरिका और ब्राजील। भारत में अभी तक 700,724 मामले आ चुके हैं और कुल 19,714 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में कुल कोरोना मरीजों का आंकड़ा सात लाख के पार हो गया। आईसीएमआर के मुताबिक देश में अब तक एक करोड़ कोरोना टेस्ट किए जा चुके हैं।

### सीएम ने समाजसेवी नंदन सिंह रावत के निधन पर शोक जताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने समाजसेवी नन्दन सिंह रावत के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# भारत सख्त, लौटी चीनी सेना

## चीन ने गलवान में 1.5 किमी पीछे किए सैनिक

**संवाददाता**

नई दिल्ली। लद्दाख के गलवान घाटी से चीनी सैनिकों को पीछे धकेलने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने सबसे मजबूत कूटनीतिक हथियार का प्रयोग किया था। केंद्र ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को मोर्चे पर लगा दिया था और उन्होंने रविवार को चीनी समकक्ष वांग यी के साथ करीब दो घंटे तक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की थी। भारत के सख्त रुख के बाद चीन के पास पीछे हटने के अलावा कोई और चारा भी नहीं था। भारत ने ड्रैगन को चौतरफा घेर रखा है चीन के 59 ऐप्स पर बैन के बाद पेइचिंग पूरी तरह से हिल गया था। इसी बातचीत में गलवान में तनाव कम करने पर सहमति बनी।

पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून को हुई हिंसक झड़प के करीब 3 हफ्ते बाद एक बार फिर चीन ने सीमा पर शांति की बात की है और भारत के साथ मिलकर सीमाक्षेत्रों के विकास की ओर बढ़ने का लक्ष्य दोहराया है। इस बार सेना के सूत्रों का भी कहना है कि चीनी सैनिक डिसइंगेजमेंट प्रक्रिया के तहत करीब 1.5 किमी पीछे हट गए हैं। इस बीच चीन के विदेश मंत्री वान्ग यी की ओर से विस्तृत बयान जारी कर उम्मीद जताई गई है कि अब दोनों पक्ष ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे जिससे विवाद बढ़े।

सीमा बातचीत को लेकर भारत के विशेष प्रतिनिधि और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने वान्ग से रविवार को चर्चा की थी। इसके बाद चीन ने विस्तृत बयान जारी कर कहा है कि इस साल चीन और भारत के बीच कूटनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ है। चीन और भारत के रिश्तों ने तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं और आज जो विकास हुआ है उसे हासिल करना आसान नहीं है। 30 जून को कोर कमांडर स्तर की मीटिंग में तय किया गया था कि एक कदम उठाने के बाद प्रूफ देखकर ही दूसरा कदम बढ़ाया जाएगा। वेरिफिकेशन में तीन दिन का समय लग सकता है।

### गलवान को बनाया बफर जोन



खबरों के मुताबिक वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों की सेना ने रिलोकेशन पर सहमति जताई थी। बताया जा रहा है कि गलवान घाटी को अब बफर जोन बना दिया गया है ताकि आगे फिर से कोई हिंसक घटना न हो। सूत्रों के मुताबिक अभी वेरिफिकेशन की प्रकिया पूरी नहीं हुई है। एक सीनियर अधिकारी ने इसकी पुष्टि की कि सैनिक पीछे हटे हैं लेकिन कहा कि कितना पीछे हटे हैं यह वेरिफिकेशन के बाद कंफर्म हो पाएगा।



### मतभेद न लें विवाद की शक्ल

चीन ने अपने बयान में बताया है कि दोनों पक्ष दोनों देशों के नेताओं की बनाई गई सहमति का पालन करने के लिए सहमत हुए हैं और विश्वास करते हैं कि सीमा पर शांति कायम करना लंबे वक्त तक द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए अहम है। सीमा के मुद्दों को द्विपक्षीय संबंधों में सही जगह मिलनी चाहिए ताकि मतभेद विवाद की शक्ल न लें। इसके अलावा दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दे पर दोनों के दस्तखत किए समझौतों पर सहमति जताई और सीमा पर हालात सामान्य करने के लिए साथ काम करना सुनिश्चित किया। दोनों पक्षों ने अपने प्रतिनिधियों के बीच विशेष बैठकों, भारत-चीन सीमा मुद्दों पर राय और सहयोग की प्रक्रिया के जरिए संपर्क को मजबूत करने पर भी सहमति जताई। चीन अपनी क्षेत्री संप्रभुता और सीमाक्षेत्रों और शांति की प्रभावी तरीके से रक्षा करता रहेगा।

## गैंगस्टर विकास दुबे पर अब 2.5 लाख इनाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। कानपुर में हुए शूटआउट मामले में आरोपी विकास दुबे पर इनाम राशि बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दी गई है। विकास दुबे की सूचना देने पर पहले 50 हजार का इनाम था। इसे बढ़ाकर एक लाख किया गया था लेकिन अब यह ढाई लाख रुपये कर दिया गया है।

गुरुवार देर रात हुए शूटआउट के तीन दिन बीत गए हैं, अभी तक आरोपी विकास दुबे का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। डीजीपी एचसी अवस्थी ने बताया कि विकास दुबे के बारे में कोई भी जानकारी देने वाले को ढाई लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। उसकी पहचान भी गुप्त रखी जाएगी।

विकास दुबे के ऊपर पुलिस ने 50,000 रुपये

**■पुलिस को नहीं मिल रहा कोई सुराग**

का इनाम घोषित किया था। विकास का कुछ भी पता नहीं चलने के कारण दो दिन बाद इस इनाम राशि को बढ़ाकर 1 लाख रुपये किया गया और अब तीन दिन बीतने के बाद यह इनाम राशि बढ़ाकर अब ढाई लाख रुपये कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने विकास का पता लगाने के लिए पुलिस को एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया है, जिसके कारण पुलिस हर हाल में विकास का पता चलाना चाहती है। **नेपाल बॉर्डर सीलः** विकास दुबे की गिरफ्तारी के लिए नोएडा से लेकर नेपाल बॉर्डर तक अलर्ट कर दिया गया है।

## स्वामित्व योजना के सफल क्रियान्वयनी को बैठक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश में संचालित स्वामित्व योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सचिवालय में बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा अन्य राज्यों यथा महाराष्ट्र, हरियाणा में जहां यह योजना पूर्व से चल रही है, के अनुभवों का भी लाभ प्रदेश की स्वामित्व योजना में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि योजना के अंतर्गत राज्य तथा जिला स्तर पर गठित की जाने वाली समितियों तथा अनुश्रवण समितियों का गठन किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि शासन स्तर से भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में योजना के प्रथम चरण में चिन्हित जनपद पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं ऊधमसिंहनगर में पांच-पांच ग्रामों के क्लस्टरों में ड्रोन सर्वे हेतु धारा-48 के अंतर्गत अधिसूचना जारी की जा चुकी है। कार्यदायी विभाग द्वारा चिन्हित क्लस्टर में ड्रोन सर्वेक्षण के तहत फोटोग्राफी का कार्य भी किया जा चुका है।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में गड़बड़ी पर डीएसओ जिम्मेदार होंगे

### सरकार का संकल्प कोई गरीब भूखा न सोएः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित जिला पूर्ति अधिकारी की जिम्मेवारी तय की जाएगी। योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की गड़बड़ी या कोताही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सचिव खाद्य, अपने स्तर पर इसकी नियमित रूप से समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को नवम्बर माह तक विस्तारित किया गया है। इससे देश के करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार का संकल्प है कि कोई गरीब भूखा न सोए। पिछले लगभग 4 माह में हर व्यक्ति को राशन उपलब्ध कराया गया है।

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 61.94 लाख व्यक्तियों को खाद्यान्न वितरित** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य के 61.94 लाख व्यक्तियों को अप्रैल, मई व जून माह का खाद्यान्न दिया गया है। इसमें प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल और प्रति परिवार 1 किलो दाल निशुल्क वितरित की गई है।

बताया गया कि आत्मनिर्भर भारत योजना में लगभग 12 हजार प्रवासियों को मई व जून माह में प्रति माह 5 किलो चावल प्रति व्यक्ति और 1 किलो दाल प्रति परिवार निशुल्क उपलब्ध कराई गई है। वन नेशन वन राशन कार्ड 01 जुलाई से लागू की जा चुकी है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के राशनकार्ड धारकों को अन्य राज्यों में और अन्य राज्यों के राशनकार्ड धारकों को राज्य में लाभ मिलेगा।

### नवम्बर 2020 तक मिलता रहेगा लाभ

अब योजना का विस्तार करने से जुलाई से नवम्बर तक 5 माह और यह लाभ पात्र व्यक्तियों को मिलता रहेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नियमित खाद्यान्न भी वितरित किया जाता रहेगा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट से बढ़ी टेंशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरकार इस बात को अब मान रही है कि कोरोना महामारी के कारण देश की अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर संकुचन होगा। वित्त मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष (2020-21) में जीडीपी कॉन्ट्रैक्शन 4.5 फीसदी के करीब होगा।

इसका मतलब देश की जीडीपी का आकार वर्तमान आकार से 4.5 फीसदी घट जाएगा। देश की जीडीपी का आकार करीब 203 लाख करोड़ रुपये है। अप्रैल 2020

**जीडीपी में आएगी 4.5 फीसदी की गिरावट**

में जीडीपी को लेकर जो अनुमान जताया गया था उससे यह 6.4 फीसदी कम है। अप्रैल तक सरकार को उम्मीद थी कि विकास दर 1.9 फीसदी तक रहेगी। इससे पहले आईएमएफ ने जून महीने में वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक जारी किया था। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2020 में 4.9 फीसदी का संकुचन होगा। अप्रैल में जताए गए अनुमान के मुकाबले यह 1.9 फीसदी ज्यादा है।